लखनऊ, 06 जनवरी 2012.01.06

# फोन और एसएमएस द्वारा एन.ई.डब्लू. और ए.डी.आर. का मतदाता जागरूकता अभियान शुरू किया गया

- आमिर खॉंन की सही नेता चुनने की अपील को स्वचलित फोन कॉल और एसएमएस द्वारा मतदाताओं तक पहुंचाया जायेगा।
- यही संदेश मतदाता 020–30590400 पर कॉल करके सुन सकते हैं।
- मिस कॉल देकर निरन्तर चुनावी सूचना पा सकते है/नियमित रूप से एडीआर और एन.ई.डब्लू के चुनावी कार्यक्रमों के बारे में जानकारी प्राप्त करें।

नेशनल इलेक्शन वॉच (एन.ई.डब्लू.) और एसोसियेशन फोर डैमोक्रेटिक रिर्फाम (ए.डी.आर.) ने मतदाता जागरूकता अभियान शुरू किया जिसमें आगामी विधान सभा चुनाव में लड़ रहे उम्मीदवारों की आपराधिक एंव वित्तीय पृष्ठभूमि की जानकारी स्वचलित कॉल/एसएमएस द्वारा मतदाताओं को उपलब्ध कराई जायगी।

यह अभियान फिलहाल पंजाब, उत्तरप्रदेश, और उत्तराखंण्ड में शुरू किया गया है जिसका अन्य राज्यों में भी विस्तार होगा।

एन.ई.डब्लू ओर एडीआर पॉंच राज्यों मे होने वाले आगामी विधान सभा चुनाव मे लड़ रहे उम्मीदवारों का विश्लेषण करने की प्रक्रिया में जुटा हुआ है। इस अभियान का उद्देश्य मतदाताओं में जागरूकता पैदा करना है, ताकि वह सच्चे और सही नेता का चुनाव करने में सक्षम हो। इस अभियान के अर्न्तगत आमिर खॉंन द्वारा रिकार्ड किया गया एक ऑडियो चलाया जायेगा जिसमें आमिर खॉंन मतदाताओं से अपील करेंगे कि वह सही और सच्चे नेता का चुनाव करें। कोई भी अपना मोबाईल नम्बर इस अभियान में पंजीकृत करा सकता है। इसके लिए आपको एक मिसकॉल देना होगा **020–30590400** पर, ऐसा करने पर आपका मोबाईल नम्बर एडीआर/एनईडब्लू द्वारा निरन्तर भेजे जाने वाली चुनावी सूचनाओं तथा जानकारियों के लिए पंजीकृत हो जायेगा।

**इस अभियान की क्रमानुसार जानकारी नीचे दी जा रही है।**

☞ सबसे पहले एक स्वचलित कॉल मतदाताओं को किया जायेगा। यह कॉल हिन्दी में होगा।
  - इस कॉल में आमिर खॉंन मतदाताओं से अपील करेंगे कि वह सही और सच्चे नेता का चुनाव करें।
  - इस कॉल के अन्त में मिसकॉल करके अपने मोबाइल नम्बर को पंजीकृत करने की अपील भी कि जायेगी। मिसकॉल देने के लिए नम्बर है–**020–30590400**

☞ जिन–जिन नम्बरों पर यह कॉल प्राप्त होगा उन नम्बरों पर एक एसएमएस भी भेजा जायेगा जिसमें यही अपील दोहराई जायगी।

☞ मतदाता द्वारा मिसकॉल देने पर उनका नम्बर एनईडब्लू/एडीआर द्वारा भेजे जाने वाली सूचनाओं के लिए पंजीकृत कर लिया जायेगा। जो मोबाइल नम्बर डीएनडी के तहत हैं वो भी मिसकॉल देकर अपना नम्बर पंजीकृत करा सकते हैं। डीएनडी के अर्न्तगत आने वाले नम्बर भी इसी नम्बर पर कॉल करके आमिर खॉंन की अपील को सुन सकते हैं।

☞ मिसकॉल पाने के बाद एडीआर/एनईडब्लू सभी नम्बरों पर एक एसएमएस भेजेगा जिसमें धन्यवाद सहित पंजीकरण की पुष्टि की जानकारी दी जायगी।

☞ सभी पंजीकृत नम्बरों पर एडीआर/एनईडब्लू निरन्तर चुनावी जानकारी और आगे होने वाली बैठकों की जानकारी भेजेगा।


| **Contact Details** | | |
|---|---|---|
| Anil Bairwal, | Prof Jagdeep Chhokar | Prof Trilochan Sastry |
| National Coordinator | Founder Member | Dean, IIM Bangalore |
| National Election Watch, and | National Election Watch, | Founder Member, |
| Association for Democratic Reforms | Association for Democratic Reforms | National Election Watch, |
| 011-40817601, | +919999620944 | Association for Democratic Reforms |
| +91- 80103-94248, +91 9999310100 | jchhokar@gmail.com | +919448353285, |
| adr@adrindia.org | | trilochans@iimb.ernet.in |